सत्र-2021-22

विषय: हिंदी (प्रथम भाषा)

कक्षा: सातवीं

विषय वस्तु

भाग-क: **बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न**
संधि, समास, उपसर्ग, प्रत्यय, पर्यायवाची शब्द
पाठ्य पुस्तक के अभ्यासों में से अति लघूत्तर प्रश्न

भाग-ख: **अन्य वस्तुनिष्ट प्रश्न**
लिंग बदलो, वचन बदलो, विपरीत शब्द, भाववाचक संज्ञा निर्माण
विशेषण निर्माण, शब्द शुद्धि, क्रिया विशेषण, सम्बन्ध बोधक
व योजक की पहचान, विराम चिह्न, पाठ्य पुस्तक के अभ्यासों में से
शब्द-अर्थ

भाग-ग: **पारिभाषिक व्याकरण**
क्रिया विशेषण, सम्बन्ध बोधक, योजक

भाग-घ: **पाठ्य पुस्तक की विषय वस्तु से सम्बंधित प्रश्न**
पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या
पाठ्य -पुस्तक के अभ्यासों में से अति लघूत्तर प्रश्न
पाठ्य -पुस्तक के अभ्यासों में से निबन्धात्मक प्रश्न

भाग-ङ: **मुहावरे एवं लोकोक्तियां**

भाग-च: **रचनात्मक लेखन**
पत्र / प्रार्थना पत्र

पत्र

कोई दो पत्र/ प्रार्थना पत्र देकर किसी एक विषय पर पत्र लिखने के लिए कहा जाएगा।

1-अपने मित्र को अपने नए हिंदी के अध्यापक की विशेषताएं बताते हुए पत्र लिखिए।

2-अपने मित्र को व्यायाम के लाभ बताते हुए पत्र लिखें ।

3-आपके पिताजी घर से दूर किसी अन्य शहर में नौकरी करते हैं, उन्हें घर की कुशलता का समाचार देते हुए पत्र लिखें।

4-आप अपनी माता जी को पत्र लिखें कि वह अपनी सेहत का ध्यान रखा करें।

5-अपने मित्र की बड़ी बहन की शादी पर आप किसी कारणवश नहीं पहुंच सकते अपने मित्र को कारण बताते हुए बधाई पत्र लिखिए ।

प्रार्थना पत्र

6-आप के शहर में दिनों दिन चोरियां बढ़ती जा रही हैं, इसलिए अपने इलाके के पुलिस अधिकारी को इन चोरियों की रोकथाम हेतु पत्र लिखें ।

7- अपने विद्यालय में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए ।

8- अपने क्षेत्र में पार्क विकसित करने के लिए नगर निगम के महापौर को पत्र लिखें ।

9- आपका टेलीफोन 2 सप्ताह से खराब है। आपने क्षेत्रीय कार्यालय में कई बार शिकायत की है, किंतु शिकायत की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया । इसकी शिकायत करते हुए प्रबंधक, महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड को पत्र लिखें।

10-अपने स्कूल में अधिक कंप्यूटर मंगवाने के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए ।

निबन्ध लेखन निम्नलिखित विषयों में से कोई तीन विषय देकर किसी एक पर 150-200 शब्दों मे निबन्ध लिखने को कहा जाएगा।

1- मेरी प्रिय पुस्तक 2- मेरा प्रिय खेल 3- स्वतंत्रता दिवस 4- हमारे त्योहार : ईद / दशहरा 5- परोपकार 6-मेरे पिता 7-मेरी अविस्मरणीय बस/रेल/हवाई यात्रा 8-सरदार भगत सिंह 9- विज्ञान के चमत्कार 10-स्वच्छता अभियान

पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्य पुस्तक

हिंदी पुस्तक-7